कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राकेश कुमार वर्मा पुत्र श्री रामजीलाल वर्मा निवासी आदर्श विधा मंदिर के सामने, पूनम टाकिज के पीछे, दौसा जिला दौसा राज0—303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उप पंजीयक दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 76 / 2023

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय दिनांक 04.12.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उप पंजीयक दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना / नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उप पंजीयक दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल / सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उप पंजीयक दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी उप पंजीयक दौसा को पत्र कमांकः डीएम / कोर्ट / 2023 / 2069 दिनांक 30.10.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी उप पंजीयक दौसा की ओर से कोई जवाब / टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को चाही गई सूचना / नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी उप पंजीयक दौसा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना / नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा